अमर उजाला

बरेली
बृहस्पतिवार, 16 अप्रैल 2026
वैशाख कृष्ण-चतुर्दशी
विक्रम संवत-2083

PAGE NO : 02 MIDDLE

विविध

■ **क्रिकेट :** श्री राममूर्ति मेमोरियल इंटर स्कूल क्रिकेट टूर्नामेंट का शुभारंभ भोजीपुरा स्थित खेल मैदान पर सुबह 8 बजे से।

PAGE NO: 08 TOP

सेक्रेड हार्ट्स, मिशन एकेडमी की टीमें विजयी

city sports

इंटर स्कूल क्रिकेट प्रतियोगिता के सातवें सीजन का हुआ आगाज

संवाद न्यूज एजेंसी

बरेली। भोजीपुरा स्थित एसआरएमएस कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी (सीईटी) की ओर से बुधवार को श्रीराम मूर्ति मेमोरियल इंटर स्कूल क्रिकेट टूर्नामेंट के सातवें सीजन का आगाज हुआ। पहले दिन ग्रुप-ए और ग्रुप-डी के मुकाबले खेले गए, जिसमें सेक्रेड हार्ट्स स्कूल और मिशन एकेडमी की टीमें विजयी रहीं।

उद्घाटन मैच में मुकुंद इंटरनेशनल स्कूल की टीम टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 20 ओवरों में 111 रनों पर सिमट गई।

उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ी को पुरस्कृत करते आयोजक। स्रोत : आयोजक

कप्तान फैजान ने सर्वाधिक 27 रन बनाए। अभिनव ने तीन विकेट झटके। जवाब में सेक्रेड हार्ट्स ने हार्दिक जैन व अभिनव की उपयोगी पारियों की मदद से 16.1 ओवर में छह विकेट खोकर जीत हासिल कर ली। अभिनव को ऑलराउंड प्रदर्शन (23 रन और तीन विकेट) के लिए मैन ऑफ द मैच चुना गया।

दूसरे मुकाबले में टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए जीआरएम की टीम 18.4 ओवर में मात्र 104 रनों पर ढेर हो गई। प्रखर अग्रवाल ने 32 रन बनाए। मिशन एकेडमी के कप्तान हिमांशु और शानू गंगवार ने तीन-तीन विकेट चटकाए। मिशन एकेडमी ने महज 9.5 ओवर में एक विकेट के नुकसान पर जीत दर्ज कर ली। मिशन एकेडमी के कप्तान हिमांशु गंगवार ने 37 गेंदों पर नौ चौकों व तीन छक्कों की मदद से नाबाद 70 रनों की पारी खेली। उन्हें मैन ऑफ द मैच चुना गया।